Email : railsamacharbureau@rediffmail.com, www.railsamacharbureauald.com

# रेल समाचार ब्यूरो

भारतीय रेल देश की जीवन रेखा है, इसका आधुनिकीकरण हमारी प्राथमिकता है

R.N.I.No. 51097/90 DN/XXX/18-20 Post AD No. 8

सम्पूर्ण रेल जगत का प्रथम पाक्षिक

अपने शुभचिंतको को घर पर ही विदा करे, प्लेटफार्म पर नहीं

हमें रेलवे की तस्वीर और बेहतर बनानी होगी

वर्ष ३० अंक- १२ प्रयागराज रेल समाचार ब्यूरो १६-३० जून २०२० पृष्ठ ०८ मूल्यः १५ रु.मात्र (रंगीन सहित)



## कोविड-19 : बिना मास्क बाहर निकलने की सोचना भी भूल- प्रधानमंत्री

प.सू.का/नई दिल्ली। कोरोना संकट को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्रियों से वार्ता की। इस बैठक के दौरान प्रधानमंत्री ने जहां सुरक्षा के मानकों जैसे सामाजिक दूरी और स्वच्छता अपनाने की अपील की तो दूसरी ओर इस बात पर भी जोर दिया कि देश की अर्थव्यवस्था को कैसे बेहतर बनाया जाए। देश में कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों के बीच दो दिनों की डिजिटल बैठक के पहले दिन दिनांक १६.०६.२०२० मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने २१ राज्यों के मुख्यमंत्रियों, उपराज्यपालों के साथ वार्ता की। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जोर देते हुए कहा की इस समय बिना मास्क या फेस कवर के बाहर निकलने की सोचना भी भूल है। वहीं अपने मंत्र दो गज की दूरी, हाथ धोना और सैनिटाइजर का इस्तेमाल भी दोहराया। उन्होने कहा की बाजार खुलने और लोगों के बाहर निकलने के साथ ही ये नियम बहुत जरूरी हो गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमें इस बात का हमेशा ध्यान रखना होगा कि हम कोरोना को बढ़ने से जितना रोक पाएंगे, उतनी ही हमारी अर्थ-व्यवस्था पटरी पर लौटेगी खुलेगी, हमारे कार्यालय खुलेंगे, बाजार खुलेंगे, यातायात के साधन खुलेंगे और रोजगार के नए अवसर भी बनेंगे।

## देश भर में रेलवे ने पहुंचाया १७५.४६ मिलियन टन आवश्यक वस्तुएं

प.सू.का/नई दिल्ली। कोविड-१६ के कारण भारतीय रेलवे ने देशव्यापी लॉकडाउन के दौरान अपनी माल और पार्सल सेवाओं के माध्यम से आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के अपने प्रयास जारी रखे। नागरिकों के लिए आवश्यक वस्तुएं और ऊर्जा तथा बुनियादी ढांचा क्षेत्र के लिए जरूरी माल समय पर पहुंचाने के लिए रेलवे ने लॉकडाउन के बावजूद परिवारों और उद्योग की जरूरतों को पूरा करने में सफल रहा। बतादें कि इसी कड़ी में रेलवे ने मई के महीने में १ मई, २०२० से ३१ मई, २०२० तक ८२.२७ मिलियन टन आवश्यक वस्तुएं पहुंचाई जो १ अप्रैल, २०२० से ३० अप्रैल, २०२० तक पहुंचाई गई ६५.१४ मिलियन टन वस्तुओं की तुलना में २५% से अधिक है। वहीं कुल मिलाकर रेलवे ने १ अप्रैल, २०२० से ६ जून, २०२० तक बिना किसी बाधा के २४x७ मालगाड़ियां चलाकर १७५.४६ मिलियन टन आवश्यक वस्तुएं पहुंचाई।



जिसके लिए रेलवे के कर्मचारी २४x७ आधार पर कार्यालयों में काम कर रहे हैं ताकि सुनिश्चित किया जा सके कि आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति प्रभावित न हो।

## राज्यों के मांग पर जारी रखेगा श्रमिक ट्रेनों का सफर

प.सू.का/नई दिल्ली। राज्यों की आवश्यकतानुसार श्रमिक स्पेशल ट्रेनों के जरिये प्रवासियों के आरामदायक और सुरक्षित आवागमन के लिए भारतीय रेलवे प्रतिबद्ध है। राज्यों को रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष का पत्र भेजे जाने के बाद विभिन्न राज्यों ने दिनांक १२.०६.२०२० तक कुल ६३ और श्रमिक स्पेशल ट्रेनों की मांग की है। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष ने २६ मई, ३ जून और ६ जून को इस विषय पर राज्यों को पत्र लिख कर इस बात पर जोर दिया था कि भारतीय रेलवे वांछित संख्यो के अनुसार श्रमिक स्पेशल ट्रेनें अनुरोध मिलने के २४ घंटे के भीतर प्रदान करेगी। इसी कड़ी में रेल मंत्रालय ने राज्य सरकारों से श्रमिक स्पेशल ट्रेनों के बारे में अपनी आवश्यकता बताने को कहा है और यह देखने का अनुरोध किया है कि रेल मोड द्वारा बचे हुए व्यक्तियों के आवागमन की प्रस्तान- वित मांग की अच्छी तरह से रूपरेखा प्रस्तुत की जाए और वह निश्चित हो। बतादें कि रेलवे अब तक ४२७७ से अधिक श्रमिक स्पेशल सेवाएं चला चुका है। श्रमिक स्पेशल ट्रेनें १ मई २०२० से चल रही हैं।



## श्रमिक आयोग के गठन को मिली यूपी कैबिनेट की मंजूरी



रे.स.ब्यू./सूत्र. लखनऊ। उत्तर प्रदेश कामगार और श्रमिक आयोग के गठन को कैबिनेट की बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार दिनांक १६.०६.२०२० को हुई मंजूरी दे दी गई। जिससे कामगारों की आर्थिक एवं सामाजिक सुरक्षा पहले से ज्यादा मजबूत होगी। उनकी क्षमता के अनुसार, उन्हें अब अपने जिले में ही रोजगार के अवसर मिलेंगे। वहीं प्रदेश की अर्थव्यवस्था को भी रफ्तार मिलेगी। सिद्धार्थनाथ सिंह प्रवक्ता प्रदेश सरकार ने बताया कि लॉकडाउन का सबसे अधिक असर श्रमिकों और कामगारों पर पड़ा। सीएम की पहल पर श्रमिकों के तात्कालिक हित के लिए कई कदम उठाए गए। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रभारी मंत्री और विधायक को जिलाधिकारी आयोग से संबंधित हर गतिविधि की रिपोर्ट देंगे। विधायक व प्रभारी मंत्री हर महीने समीक्षा करेंगे। मुख्यमंत्री या उनकी ओर से नामित कैबिनेट मंत्री आयोग के अध्यक्ष होंगे।

## भारत में आधे से अधिक मरीज कोरोना से हुए ठीक

रे.स.ब्यू./सूत्र.नई दिल्ली। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने कहा कि देश में कोरोना वायरस से रिकवरी रेट बढ़कर ५२.४७ फीसदी हो गया है। मंगलवार दिनांक १६.०६.२०२० को मंत्रालय ने कहा कि रिकवरी रेट बढ़ने का सीधा मतलब है कि देश में कोरोना वायरस से पीड़ित मरीजों में आधे से अधिक ठीक हो रहे हैं। बता दें कि समाचार लिखे जाने तक १०००० से अधिक नए मामले सामने आने के बाद भारत में कोविड-१६ के कुल मामले बढ़कर ३४३०६१ हो गए थे।

# यात्रियों को विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के लिए भारतीय रेल प्रतिबद्ध

प.सू.का/नई दिल्ली। भारतीय रेल दुनिया के सर्वश्रेष्ठ रेल नेटवर्कों में से एक अपने नेटवर्क के माध्यम से अपने यात्रियों को विश्व स्तर की सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। अपने यात्रियों को स्वच्छ वातावरण और सुगम यात्रा का अनुभव प्रदान करने के लिए भारतीय रेल ने 'स्वच्छ भारत, स्वच्छ रेल पहल के अंतर्गत विभिन्न कदम उठाए हैं। जिसमें २०१६-२० के दौरान १४,६१६ रेल डिब्बों में ४६,४८७ जैव-शौचालय लगाए गए। इसके साथ ही १०० फीसदी कवरेज के साथ ६८,८०० कोचों में लगाए गए जैव शौचालयों की संयुक्त संख्या २,४५,४०० से अधिक हो गई है, इसी कड़ी में २ अक्टूबर २०१६ को १५०वीं गांधी जयंती के बाद से सिंगल यूज प्लास्टिक के किसी सामान का कोई उपयोग नहीं करना शामिल है।

२०० रेलवे स्टेशनों को भी २०१६-२० में पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली का कार्यान्वयन आईएसओः १४००१ तक करने के लिए प्रमाणित किया गया। इसके साथ ही राजधानी, शताब्दी, दूरंतो और अन्य महत्वपूर्ण लंबी दूरी की मेल/एक्सप्रेस रेलगाड़ियों सहित ११०० जोड़ी से अधिक रेलगाड़ियों में यात्रा के दौरान शौचालयों, दरवाजों, गलियारों और यात्री डिब्बों की सफाई के लिए ट्रेन पर हाउस कीपिंग सेवा (ओबीएचएस) की सुविधा मौजूद और एसी कोच के यात्रियों को दी जाने वाली चद्दरों की धुलाई की गुणवत्ता में सुधार के लिए मशीनीकृत लॉन्ड्री स्थापित की जा रही है। वित्त वर्ष २०१६-२० (कुल६८) में ८ मशीनीकृत लॉन्ड्री स्थापित की गई।

# फ्लाइट से आने वाले ज्यादा पर जाने वाले यात्री कम

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। लॉकडाउन के दौरान प्रयागराज से दिल्ली के लिए २६ मई से सोमवार छोड़कर हर दिन फ्लाइट उड़ान भर रही है। वहीं मुंबई और बंगलुरू के लिए हवाई सेवा २५ मई से शुरू हुई थी। बंगलुरू के लिए फ्लाइट प्रतिदिन और मुंबई की फ्लाइट एक दिन छोड़ कर है। शनिवार दिनांक ०५.०६.२०२० तक के आंकड़ों के अनुसार हवाई सेवा में यहां पर आने वालों की संख्या अधिक है जबकि यहां से इन तीन शहरों के लिए जाने वालों की संख्या कम है। सूत्रों के अनुसार एयरपोर्ट से मिले आंकड़ों के हिसाब से छह जून तक तीनों शहरों से आने वालों की संख्या ३२७६ और जाने वालों की संख्या १३७८ रही है। लोगों का कहना है कि अभी कोरोना का खौफ के चलते अभी लोग यात्रा करने से बच रहे हैं।जबकि मुंबई और दिल्ली मे कोरोना का असर ज्यादा होने के कारण फ्लाइट से आने वालों की संख्या अधिक है।

# चिंता नहीं, जागरूकता है कोविड-१६ से लड़ने की कुंजीः डॉ. जितेन्द्र सिंह

प.सू.का/नई दिल्ली। केन्द्रीय पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेन्द्र सिंह ने दिनांक ०७.०६.२०२० को कहा कि कोविड-१६ महामारी से लड़ने की कुंजी चिंता नहीं, बल्कि जागरूकता है। कोविड-१६ के रोगियों के लिए भारत की प्रथम स्वदेशी, किफायती, वायरलेस शारीरिक मानक निगरानी प्रणाली कोविड बीईईपी को लॉन्च करते हुए उन्होंने इस महामारी से कारगर ढंग से निपटने के लिए रोकथाम और जागरूकता के महत्वा पर जोर दिया, ऐसे समय में जबकि लगभग दो महीने के प्रभावी और समयबद्ध लॉकडाउन के बाद अनलॉक की प्रक्रिया अब चरणबद्ध रूप से शुरू की जा चुकी है। इसे ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज, हैदराबाद ने आईआईटी हैदराबाद तथा परमाणु ऊर्जा विभाग के सहयोग से विकसित किया गया है। डॉ. सिंह ने स्वास्थ्य संबंधी अनेक समस्याओं के समाधान विकसित करने के लिए परमाणु ऊर्जा विभाग के कार्यो की सराहना की। ईसीआईएल परमाणु ऊर्जा विभाग के अंतर्गत हीआता है। लोकप्रिय धारणा के विपरीत, परमाणु ऊर्जा विभाग मानव जाति केव्याापक कल्याण के लिए परमाणु ऊर्जा के परोपकारी उपयोग को बढ़ावा देने के लिए सक्रिय रूप से प्रयासरत है।



### हमारे ग्राहक

"हमारे पास आने वाला हर ग्राहक एक महत्वपूर्ण अभ्यागत है। वह हम पर निर्भर नहीं है, बल्कि हम उस पर निर्भर हैं। वह हमारे काम में बाधक नहीं, साधक है। वह हमारी कार्य-सीमा से विलग नहीं है, बल्कि उसका ही अंग है। हम उसकी सेवा करके उस पर उपकार नहीं करते वरन् वह हमें सेवा का अवसर प्रदान कर हमें अनुग्रहीत करता है। ग्राहक से तर्क करना उचित नहीं है। उससे तर्क करके अभीतक किसी को सफलता नहीं मिली।" महात्मा गांधी

# रेलमंत्री द्वारा सम्मानित किए गए आरपीएफ कांस्टेबिल इंदर सिंह

प.सू.का/नई दिल्ली। मानवीय कार्य की सराहना करते हुए रेल और वाणिज्य तथा उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने आरपीएफ कांस्टेबल इंदर सिंह यादव को सम्मानित किया और हुए नकद पुरस्कार की घोषणा की।



बतादें कि चार महीने के एक बच्चे के लिए दूध पहुंचाने के लिए इंदर सिंह यादव ट्रेन के पीछे भागे और उन्होंने कर्तव्यनिष्ठा भावना का प्रदर्शन किया। शरीफ हाशमी अपने पति हसीन हाशमी और अपने चार महीने के बच्चे के साथ बेलगाम से गोरखपुर जाने वाली श्रमिक स्पेशल ट्रेन में यात्रा कर रही थीं। दूध न मिल पाने के कारण चार महीन का बच्चा भूखा था जिसके बाद इंदर सिंह यादव दौड़कर भोपाल स्टेशन के बाहर से दूध का पैकेट ले आए। ट्रेन चलने के कारण पीछे भागकर महिला को दूध का पैकेट प्रदान किया और अपनी मानवता और साहस का परिचय दिया।

# प्रयागराज का शाहगंज, बहादुरगंज इलाका बना हॉटस्पॉट

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज के बहादुरगंज में तेल कारोबारी और शाहगंज में मयंक नर्सिंग होम संचालक के संक्रमित पाए जाने के बाद यह दोनों इलाकों को हॉट स्पॉट घोषित कर दिया गया था, जिसके बाद जिले में कुल हॉटस्पॉट की संख्या ५८ हो गई है। वहीं नोडल अधिकारी कोरोना डॉ. ऋषि सहाय के अनुसार दोनों इलाकों में कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। उनके संपर्क में आने वालों की तलाश की जा रही है। दोनों इलाकों को सील कर सैनिटाइजेशन की कार्रवाई जारी रहेगी।

# दुकान खुलने के साथ मोबाइल बाजार ने पकड़ी रफ्तार

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। तकरीबन दो माह तक लॉक डाउन की वजह से बंद रहने के बाद शहर के मोबाइल फोन बाजार ने अपनी रफ्तार धीरे धीरे पकड़नी शुरू कर दी है। रोस्टर के मुताबिक मोबाइल की दुकानें सप्ताह में तीन दिन ही खुल रही हों लेकिन लोग अब मोबाइल खरीदने के लिए निकलने लगे हैं।

जिसके बाद मोबाइल कारोबारियों को भी थोड़ी राहत मिली है। शहर के मोबाइल बाजार में एक अनुमान के मुताबिक प्रतिदिन बिक्री का आंकड़ा करीब एक करोड़ से ज्यादा का हो गया है। बतादें की पिछले माह २० मई से ही शहर में मोबाइल की दुकानें सप्ताह में तीन दिन से खुलने की अनुमति मिली थी। वहीं तमाम लोगों के वर्क फ्राम होम एवं बच्चों की ऑनलाइन क्लास की वजह से भी इसकी बिक्री में इजाफा हो रहा है।

# मनु प्रकाश दुबे ने ग्रहण किया एनसीआर में डिप्टी जीएम का पदभार

रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल में वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक के पद पर तैनात मनु प्रकाश दुबे ने स्थानांतरण पर मुख्यालय / उमरे में उप महाप्रबंधक सामान्य का पदभार ग्रहण कर लिया है। उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अजीत कुमार सिंह ने बताया कि मन्नू प्रकाश दुबे भारतीय रेल यातायात सेवा (आईआरटीएस) के २००७ बैच के अधिकारी हैं जो भारतीय रेलवे में दिसम्बर, २००८ में शामिल हुए थे। अपने कार्यकाल के दौरान मनु प्रकाश दुबे ने उत्तर मध्य रेलवे में बहुत सी उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। जिसमें कुम्भ मेला-२०१६ में ट्रेनों के सफल संचालन में उत्कृष्ट योगदान के लिये उन्हें वर्ष २०१६ में रेल मंत्री पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था।

# नहीं दिखी गंगा दशहरा पर सोशल डिस्टेंसिंग

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। गंगा दशहरा पर लॉकडाउन-५ के पहले ही दिन सोशल डिस्टेंसिंग नहीं दिखी। श्रद्धालुओं की भीड़ गंगा के तटों पर सुबह से ही जारी रहा। तटों पर न ही सोशल डिस्टेंसिंग दिखाई दी और न ही मास्क का इस्तेमाल देखा गया। गिने चुने ही लोग मुंह को ढंककर रखे। सोमवार दिनांक ०१.०६.२०२० को गंगा दशहरा के अवसर पर संगम सहित सभी गंगा घाटों पर स्नान का क्रम चलता रहा। सुबह से लोग आए और स्नान के बाद पूजा अर्चना किया। गंगा की मौज में डुबकी लगाने का मौका मिला तो श्रद्धालु सोशल डिस्टेंसिंग की बात भूल गए।

# केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने किया LNJP अस्पताल का निरीक्षण




प.सू.का/नई दिल्ली। कोविड-१६ से संबंधित तैयारियों की समीक्षा के लिए केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिनांक १५.०६.२०२० को दिल्ली के लोक नायक जय प्रकाश नारायण अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने दिल्ली के मुख्य सचिव को राजधानी के हर कोरोना अस्पताल के कोरोना वार्ड में निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए, जिससे वहां की अच्छी तरह से मोनिटरिंग की जा सके और मरीजों की समस्याओं का भी निदान हो सके। केंद्रीय गृह मंत्री ने दिल्ली के मुख्य सचिव को इन अस्पतालों में मरीजों को खाना उपलब्ध कराने वाली कैंटीन की एक वैकल्पिक व्यवस्था तैयार करने का भी निर्देश दिया। कोरोना संक्रमित मरीजों के साथ-साथ दिन रात सेवा में जुटे डॉक्टर और नर्सों की साइको-सोशल काउंसलिंग का भी आदेश दिया।

# आजाद पार्क में बिना मास्क के टहलने पर अब होगी कानूनी कार्यवाही

रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। अगर आप बिना मास्क लगाए शहीद चंद्रशेखर आजाद पार्क में टहलने जाते हैं तो थोड़ा सतर्क हो जाइए। अब बिना मास्क लगाए अगर आप आजाद पार्क में टहलते हुए पाए जाएंगे तो आपका चालान कट सकता है। बता दें कि आजाद पार्क में बिना मास्क के टहलने पर प्रतिबंध लगाया जा चुका है लेकिन कुछ लोग नियमों का उल्लंघन करते हुए बिना मास्क लगाए टहलते हैं। जिससे अन्य लोग आपत्तियां कर रहे हैं। ऐसे में अब बिना मास्क पहने पार्क आने वालों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। राजकीय उद्यान शहीद चंद्रशेखर आजाद पार्क की अधीक्षक डॉ. सीमा सिंह राणा ने कहा कि आजाद पार्क में हजारों लोग टहलने आते हैं ज्यादातर लोग मास्क लगाए रहते हैं और कुछ मास्क नहीं लगाते जिससे अन्य लोगों को समस्या होती है।

# टिड्डी दल के हमले से प्रयागराज के कई किसान हुए बर्बाद

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। मध्य प्रदेश से जिले की सीमावर्ती तहसील कोरांव में मंगलवार दिनांक ०६.०६.२०२० को घुस कर किसानों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया। कुछ गांवों के किसानों की सब्जी की खेती व धान की नर्सरी टिड्डी दल ने चट कर ली। आलम यह था कि जिस पेड़ पर टिड्डी दल बैठता उसकी डालियां टूट कर गिरने लगी थीं। झूंसी में इस दल ने आम के बागों को खासा नुकसान पहुंचाया। बुधवार दोपहर यह दल करछना में पहुंच कर दर्जन भर गांवों पर हमला कर दिया।

वहीं कीटनाशक का छिड़काव कर प्रशासन के कई अधिकारी दल को भगाने में जुटे रहे। हस्तचालित मशीनों से कीटनाशक दवा का छिड़काव कर टिड्डियों को भगाया गया। इस दौरान उप निदेशक कृषि विनोद कुमार शर्मा बीडीओ कोरांव रमाशंकर मौजूद रहे।

# बारिश के मौसम में बढ़ सकती है वायरस की ग्रोथ

रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। कोरोना वायरस का असर क्या बारिश के मौसम में अपने चरम पर पहुंच सकता है? बहरहाल चिकित्सा विशेषज्ञों का यही मानना है। विशेषज्ञ मानते हैं कि वायरस पानी की फुहारों के जरिए हवा में फैल सकता है। जिसे शॉवरहेड्स एयरोसॉल ट्रांसमिशन कहते हैं। ऐसे में संक्रमित पानी या सीवेज के लीकेज के दौरान पैदा होने वाली ड्रॉपलेट्स हवा में तैरते हुए संक्रमण का कारण बन सकती हैं। सूत्रों ने बताया कि पीजीआई के माइक्रोबायोल,जी विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. टीएन ढोल का कहना है कि अपने यहां पेयजल सिस्टम बेहद कमजोर है। लीकेज की समस्याएं बहुत होती हैं। ऐसे में समस्याएं बढ़ सकती हैं। दूसरी ओर अहमदाबाद के साथ ही कई देशों में पानी में वायरस की मौजूदगी पाए जाने से भी विशेषज्ञ चिंतित हैं। जिसको लेकर बहस हो रही है कि पानी में क्या संक्रमण का खतरा बढ़ सकता है?

# डॉ. हर्षवर्धन ने किया महाराष्ट्र में कोविड-१६ से संबंधित तैयारियों की समीक्षा



प.सू.का/नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री, डॉ. हर्षवर्धन ने दिनांक ११.०६.२०२० को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से, केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे की उपस्थिति में,राजेश टोपे, महाराष्ट्र के स्वास्थ्य मंत्री, अमित देषमुख, महाराष्ट्र के चिकित्सा शिक्षा मंत्री और कोविड-१६ से प्रभावित जिलों के जिलाधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की। इस बैठक में सुश्री प्रीति सूदन, सचिव (एचएफडब्ल्यू), ओएसडी (एचएफडब्ल्यू), राजेश भूषण, केंद्र और राज्य दोनों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। राज्य के सभी ३६ जिले कोविड-१६ महामारी से प्रभावित हैं। डॉ. हर्षवर्धन ने व्यक्तिगत रूप से मुंबई, ठाणे, पुणे, नासिक, पालघर, नागपुर और औरंगाबाद जिलों में कोविड-१६ की स्थिति और इसके प्रबंधन की समीक्षा की, जबकि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान सभी जिले इससे जुड़े हुए थे। महाराष्ट्र में कोविड-१६ के वर्तमान परिचय पर अपनी बात रखते, कि परीक्षण प्रयोगशालाओं को कोविड-१६ की परीक्षण रिपोर्ट शीघ्र प्रदान करने को सुनिश्चित करना चाहिए, जिससे कोविड-१६ रोगियों का समय पर पता लगाने और प्रबंधन करने में मदद मिल सके। उन्होंने कहा कि, "हमने अपनी परीक्षण क्षमता को ६०२ सरकारी प्रयोगशालाओं और २३५ निजी प्रयोगशालाओं (कुल ८३७ प्रयोगशालाओं) के नेटवर्क के माध्यम से बढ़ाया है। हमने अब तक कुल ५२,१३,१४० नमूनों का परीक्षण किया है और पिछले २४ घंटों में १,५१,८०८ नमूनों का परीक्षण किया गया है।" उन्होंने यह भी कहा कि आज की तारीख में राज्यों / केंद्र शासित प्रदेशों और केंद्रीय संस्थानों में १३६ लाख से ज्यादा एन६५ मास्क और १०६ लाख से ज्यादा पीपीई वितरित की जा चुकी हैं। यह भी बताया कि गैर-कोविड अस्पतालों में मंत्रालय की ओर से जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार पीपीई का तर्कसंगत उपयोग सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

# कोरोना वायरस के कई रूप विशेषज्ञ भी हैरान

रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। जिले में अब तक कोरोना के १४० से अधिक मामले सामने आए हैं। समय के साथ इस वायरस के कई रूप सामने आ रहे हैं। जिले में अब तक जितने केस मिले हैं, वायरस का लगभग उतनी तरह का ट्रेंड देखने को मिला है। पिछले १५ दिनों के बीच दर्जनभर से अधिक ऐसे लोग संक्रमित मिले जिनकी अभी तक कॉन्टैक्ट हिस्ट्री ही नहीं मिली है। वो न तो कहीं बाहर गए और न ही किसी के संपर्क में आने की जानकारी है। बुखार होने पर जांच कराई तो कोरोना की पुष्टि हुई। इस वक्त कोरोना वायरस जिस ट्रेंड पर चल रहा है वह तो और भी हैरान करने वाला है। इससे विशेषज्ञ भी हैरान हैं। एसआरएन अस्पताल में कोरोना संक्रमित कई गर्भवती महिलाओं का ऑपरेयान हुआ। उन्होंने नवजात बच्चे को जन्म दिया। इनमें एक गर्भवती का बच्चा कोरोना संक्रमित मिला था, लेकिन जब दूसरी गर्भवती का ऑपरेशन हुआ तो उसका बच्चा कोरोना मुक्त पाया गया।

# भूकंपीय गतिविधियों से घबराने की जरूरत नहीं- डॉ. बीके बंसल

प.सू.का/नई दिल्ली। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) के निदेशक डॉ. बीके बंसल ने कहा है कि दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में हाल में हुई भूकंपीय गतिविधियों को लेकर घबराने की जरूरत नहीं है। लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि भूकंप के जोखिम को कम करने के लिए तैयारी और शमन के उपाय करना महत्वपूर्ण है। डॉ. बंसल दिनांक १०.०६.२०२० को राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) द्वारा दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में भूकंप के जोखिम को कम करने के लिए विभिन्न शमन और तैयारियों के उपायों पर चर्चा करने के लिए बुलाई गई बैठक में बोल रहे थे। एनसीएस के निदेशक ने बताया कि दिल्ली और इसके आसपास के क्षेत्र में भूकंपीय इतिहास को देखते हुए दिल्ली एनसीआर में छोटे भूकंप आना असामान्य नहीं है। हालांकि दुनिया में ऐसी कोई प्रमाणित तकनीक नहीं है जिससे भूकंप आने की जगह, समय और परिमाण के संदर्भ में सटीक भविष्यवाणी की जा सके। बैठक के बाद एनडीएमए ने राज्यों से कुछ उपाय करने का अनुरोध किया है जिसमें आगामी निर्माणों को भूकंपरोधी बनाने और अतिरिक्त निर्माण से बचने के अलावा संबंधित उपनियमों का अनुपालन सुनिश्चित करें। कमजोर ढांचों खासतौर से लाइफलाइन वाली इमारतों की पहचान की जाए और उसकी मरम्मत कराई जाए। जहां भी आवश्यकता हो, जोखिम को कम करने के लिए निजी भवनों की भी चरणबद्ध तरीके से मरम्मत की जानी चाहिए। भविष्य में भूकंप से निपटने के लिए नियमित रूप से मॉक एक्सरसाइज करते रहें और भूकंप के तुरंत बाद की प्रतिक्रिया के लिए मानक प्रक्रिया (एसओपी) भी जारी करें। इस बैठक में एनडीएमए के सदस्यों, महानिदेशक, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल और दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा और उत्तर प्रदेश सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों ने व इस कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) के माध्यम से हिस्सा लिया।

## यूपी के शहीद हुए जवानों के परिजन को अब मिलेंगे ५० लाख रुपये

रे.स.ब्यू./सूत्र. लखनऊ। केंद्रीय अर्धसैनिक बल, भारतीय सेना और प्रदेश के अर्धसैनिक बलों में तैनात अगर कोई जवान उत्तर प्रदेश का है तो उसकी शहादत पर अब उनके परिजनों को प्रदेश सरकार की तरफ से अब ५० लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। जो अभी तक २५ लाख रुपये थे। कैबिनेट की बैठक में मंगलवार दिनांक १६.०६.२०२० को इसका निर्णय लिया गया। इस फैसले में अगर शहीद विवाहित है और उसके माता-पिता में से एक या दोनों जीवित हैं तो शहीद की पत्नी एवं बच्चों को ३५ लाख और माता-पिता या उनमें से जीवित को १५ लाख रुपये जबकि शहीद के माता-पिता जिंदा नहीं हैं तो पत्नी को ५० लाख रुपये दिया जाएगा। इसी तरह अगर शहीद अविवाहित है तो माता-पिता को ५० लाख रुपये दिए जाएंगे। वहीं विशेष परिस्थितियों में धनराशि वितरण की निर्धारित सीमाओं में आवश्यकता के अनुसार छूट दी जा सकती है। जिसके लिए गृह विभाग से आदेश हासिल करना होगा।

## पांच महीने की स्कूल फीस माफ करने को चला अभियान

रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज अभिभावक एकता समिति ने लॉकडाउन के समय पांच महीने की स्कूल फीस माफ करने की मांग लेकर सिविल लाइंस में जागरूकता अभियान चलाया। मंगलवार दिनांक १६.०६.२०२० को चले अभियान में प्रदेश अध्यक्ष विजय गुप्ता ने कहा कि स्कूल संचालक हर वर्ष किताब, कॉपी जूता, ड्रेस,मोजा, के नाम पर करोड़ों रुपये अभिभावकों से कमाते हैं। कोरोना महामारी के संकट की घड़ी में में प्राइवेट स्कूल प्रबंधकों को आगे आकर स्वयं बच्चों की फीस माफ कर देनी चाहिए थी। अभियान में मनीष गुप्ता, अमजद इसराइल, विकास अग्रहरि, कमलेश कुमार, जावेद, अमर, विजय, भोला साहू, आदि रहे। फीस माफी आंदोलन को कई संगठनों जैसे राष्ट्रीय ब्राह्मण एकता मंच, हिंदू युवा वाहिनी, आदि ने समर्थन भी दिया ।

## संरक्षा सुनिश्चित करने को प्रयागराज मंडल में लेवल क्रासिंग पर किये गए सुरक्षात्मक उपाय

रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल द्वारा संरक्षा सुनिश्चित करने हेतु समपारों पर आवश्यक उपाय किये जा रहे हैं। समपार फाटक पर छोटी- बड़ी दुर्घटनाओं के कई कारण होते है जिसमें सड़क परिवहन के इस्तेमाल करने वाले लोगों में जागरूकता की कमी सबसे बड़ा कारण है। इसी कड़ी में सिग्नल विभाग द्वारा समपार फाटक को संरक्षित तरीके से पार करने हेतु सुरक्षात्मक कदम उठाए गए हैं। प्रयागराज मंडल में ए-रूट के लगभग सभी समपार फाटक को सिग्नल सिस्टम के साथ इंटरलॉक कर दिया गया है ताकि गेट के खुले रहने की स्थिति में चलती ट्रेनों को पहले ही रोका जा सके। वहीं समपार फाटक के खुलने और बंद होने की स्थिति को प्रदर्शित करने के लिए रोड सिग्नल भी लगाए गए है। इस दौरान सड़क परिवहन के लोगों को सचेत करने के लिए लगातार हूटर बजता रहता है। रात्रि के समय समपार फाटक दूर से ही दिखाई दे इसके लिए समपार फाटक के बूम पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव शीट भी लगाई गए है। प्रयागराज मण्डल के सभी स्टेशन एवं ऑटो सेक्शन के सभी सिगनल के सिग्नल यूनिट को मानसून आने के पूर्व ही अच्छी तरह से कवर कर दिया गया है ताकि बारिश के पानी से सिग्नल उपकरण खराब न हो तथा रेल परिचालन सुचारु रूप से चलता रहे।

## श्रमिक स्पेशल ट्रेनों से मिला ३६० करोड़ का राजस्व

प.सू.का/नई दिल्ली। विभिन्न हिस्सों में फंसे प्रवासी मजदूरों को उनके घर वापस पहुंचाने के लिए लॉकडाउन में चलाई गई श्रमिक स्पेशल ट्रेनों में प्रति व्यक्ति औसत किराया ६०० रुपये वसूला गया। दिनांक १५.०६.२०२० को भारतीय रेलवे ने इससे संबंधित जानकारी दी। रेलवे ने बताया कि एक मई से चलाई जा रही इन ट्रेन से करीब ६० लाख श्रमिकों को उनके गंतव्य तक पहुंचाया गया। जिससे करीब ३६० करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष वीके यादव ने कहा कि भारतीय रेलवे ने प्रवासी मजदूरों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए अब तक ४,४५० श्रमिक स्पेशल ट्रेन चलाई हैं। श्रमिक स्पेशल ट्रेन के लिए रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष ने बताया कि इसका औसत किराया ६०० रुपये प्रति यात्री रहा। यह मेल, एक्सप्रेस ट्रेन का सामान्य किराया है न ही स्पेशल ट्रेन के लिए वसूला जाने वाला ऊंचा किराया। उन्होने बताया कि ट्रेनों के परिचालन पर आई लागत का करीब १५ फीसदी ही वसूल किया गया। जबकि ८५ फीसदी राशि का वहन केंद्र सरकार द्वारा किया गया। एक प्रवासी श्रमिक ट्रेन की परिचालन लागत करीब ७५ से ८० लाख रुपये है। अधिकतर प्रवासी मजदूर अपने गंतव्य तक पहुंच चुके हैं। बचे हुए प्रवासी मजदूरों के लिए हमने राज्य सरकारों से तीन जून तक उनकी जरूरत के हिसाब से ट्रेनों की मांग बताने को कहा था। अब तक हमें १७१ ट्रेन उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है। यादव ने कहा कि १४ जून तक रेलवे ने २२२ श्रमिक स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया।

## प्रदेश में सभी सदर अस्पतालों में बनाए जाएं डेंगू वार्ड-बिहार स्वास्थ्य विभाग

रे.स.ब्यू./सूत्र. पटना। मानसून के आने के साथ ही बिहार में जलजमाव और जलजनित रोगों के प्रसार की संभावना को देखते हुए बिहार स्वास्थ्य विभाग ने निर्देश दिया राज्य के सभी जिलों में स्थित जिला अस्पताल सह सदर अस्पताल में डेंगू वार्ड बनाया जाएगा। डेंगू के मरीजों के लिए ५-५ बेड की व्यवस्था मच्छरदानी सहित की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग के आधिकारिक सूत्रें ने बताया कि डेंगू के मरीजों के इलाज को लेकर तैयारी शुरू कर दी गयी है। सभी जिला अस्पतालों में पैरासिटामोल और सलाइन की उपलब्धता भी सुनिश्चित करायी गयी है। पिछले वर्ष की जानकारी के अनुसार बिहार में कुल ६६६७ डेंगू के मामले आए थे। इस वर्ष अभी डेंगू का कोई मरीज सामने नहीं आया है। वहीं स्वास्थ्य विभाग ने डेंगू प्रभावित १६ प्रमुख जिलों को चिन्हित किया है। जिसमें पटना, समस्तीपुर, औरंगाबाद, भागलपुर, मुजफ्फरपुर, नालंदा, वैशाली, भोजपुर, दरभंगा, जहानाबाद, सारण, सीतामढ़ी,नवादा, पूर्णिया, मधुबनी,सीवान शामिल हैं।

## माल लदान में वृद्धि को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में 'कार्गो सुविधा यूनिट' बनाकर किया जा रहा है कार्य

रे.स.ब्यू./सूत्र. बिलासपुर। अर्थव्यवस्था में वृद्धि के उद्देश्य से भारतीय रेलवे द्वारा माल लदान को प्रोत्साहित करने के लिए कई उपायों एवं कार्य योजनाओं पर कार्य किया जाता रहा है । इसी कड़ी में १२.०६.२०२० को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा नए और अतिरिक्त यातायात पर ध्यान केंद्रित करने हेतु एक विशेष कार्य योजना के अंतर्गत नये एवं अतिरिक्त यातायात के सृजन और माल लदान में कुशलतम वृद्धि हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में 'कार्गो सुविधा यूनिट' बनाकर कार्य किया जा रहा है। महाप्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा नवगठित 'कार्गो सुविधा यूनिट' से संबंधित अधिकारियों तीनों रेल मंडलो के मण्डल रेल प्रबंधको, वरि. मंडल वाणिज्य प्रबंधको एवं दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के ग्राहको के साथ वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की ।

## बारिश के बाद भी नहीं मिली गर्मी से राहत

रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज में हुई बरसात के बाद दिनभर भीषण उमस के चलते लोगों का बुरा हाल रहा। उमस से लोगों को बेचैनी और उलझन हो रही थी। सोमवार दिनांक १५.०६.२०२० की भोर में हुई बारि I से दिनभर उमस रही वहीं दोपहर में बिजली गुम होने से मुसीबत और बढ़ गई। शहर के लोग गर्मी से बेहाल हो उठे। पंखा तो काम नहीं कर रहा था, एसी और कूलर में बैठे लोगों को भी राहत नहीं थी। सुबह ६.० मिमी बरसात रिकार्ड की गई। चिपचिपी गर्मी के चलते लोग परे IIन रहे। वहीं ब्लडप्रेशर, शुगर और दमा के मरीजों को बेचैनी महसूस होती रही। लोग बारिश के बाद राहत मिलने की उम्मीद कर रहे थे, रविवार को न्यूनतम २६.० और अधिकतम तापमान ३६.६ डिग्री था। सोमवार को न्यूनतम तापमान बढ़कर २७.४ और अधिकतम तापमान घटकर ३६.० पर आ गया। इसके बाद भी उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल हो गए । वहीं मौसम वैज्ञानिक देशराज मीना के अनुसार जल्द ही बरसात होने की संभावना है।

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू को मिली जमानत



रे.स.ब्यू./सूत्र. लखनऊ। उत्तर प्रदेश के कांग्रेस अध्यक्ष की जमानत मंजूर हो गई । २१ मई अजय कुमार लल्लू को गिरफ्तार किया गया था। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने मंगलवार दिनांक १६.०६.२०२० को मामले में सुनवाई कर ये फैसला दिया। बतादें कि लॉकडाउन के दौरान उन्हें आगरा में धरना प्रदर्शन करने पर गिरफ्तार किया गया था। लॉकडाउन के दौरान कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने वापस लौट रहे श्रमिकों को उनके घरों तक भेजने के लिए एक हजार बसें भेजी थीं। वहीं बसों की लिस्ट में गड़बड़ी होने के आरोप में प्रियंका गांधी के सचिव संदीप सिंह के खिलाफ हजरतगंज थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष को आगरा से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था ।

## प्रयागराज में कटान से किले की ओर खिसका संगम

रे.स.ब्यू./सूत्र.प्रयागराज। गंगा में कटान बारिश से पहले ही तेज होने से अब घाटों का रूप बदलना शुरू हो गया है। वहीं अब कटान का दायरा बढ़ने से तीर्थपुरोहित अपनी चौकियां समेटने लगे हैं। यह पहला मौका है कि संगम पर गंगा पश्चिम वाहिनी होकर बहने लगी हैं। चार दिनों के भीतर संगम दो सौ मीटर से अधिक किला की ओर खिसक गया है। गंगा में कटान अचानक प्रवाह बढ़ने से हो गई है। वहीं स्नानार्थियों की सुरक्षा के लिए लगाई गई जेटी प्रवाह में समा गई। किनारा कटने से तीर्थपुरोहितों ने अपनी चौकियां और झंडे भी समेटने शुरू कर दिए। इससे अब वीआईपी घाट के पास संगम शिफ्ट हो गया है। वहीं अब पंडे और पुरोहित अपनी नई जगह तलाशने में जुट गए हैं। सूत्रों के अनुसार सिंचाई बाढ़खंड के एक्सईएन ब्रजेश कुमार सिंह ने कहा कि जलस्तर तेज होने से घाटों पर कटान हो रही है।

सम्पादकीय

# केरल: मानवीयता पर सवाल

जिस तरह एक हथिनी की केरल में दर्दनाक मौत हुई है, उससे न केवल कानून-व्यवस्था, बल्कि मानवीयता पर भी सवाल खडे हो गए हैं। भारी विरोध और आलोचना के बाद अब हत्या के दोषियों की गिरफ्तारी शुरू हो गई है। दूसरी ओर यह भी पता चला कि फल में छिपाकर पशुओं को बारूद या पटाखे खिला देना कोई नई बात नहीं है। न जाने एसे कितने पशु मार दिए गए होंगे। गर्भवती हथिनी भी अगर बारूद वाला अनानास खाकर नहीं मारी जाती, तो यह खबर देश-दुनिया में सुर्खियां नहीं बनती, शायद अब तक ऐसा ही होता आया होगा। हथिनी अकेली नहीं थी, उसके पेट में शिशु था। यह एक एसी घटना है जिसे दशकों तक याद रखा जाएगा और संवेदनशील लोगों को रुलाता रहेगा। पशुओं के साथ होने वाले आत्याचार को रोकने वाले जो कानून हैं,वे शायद अपर्याप्त हैं। वहीं अब ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए केरल सरकार को अपने स्तर पर पूरे इंतजाम करने होंगे। केरल या किसी समुदाय के खिलाफ नफरत की राजनीति समस्या का निदान नहीं है, परंतु जिस तरह से यह विवाद बढ़ रहा है, उससे लगता है, कि विधानसभा तक यह मामला गर्म होगा। वैसे हाथियों के प्रति क्रूरता केवल केरल की समस्या नहीं है। महाराष्ट्र, ओडिशा, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, झारखंड, से भी शिकायतें आती रहती हैं। जंगल से बाहर इन हाथियों को न आना पडे इसके प्रबंध चर्चा व सिफारिश के बावजूद नहीं हो रहे हैं।

हाथियों के लिए जंगलों में फलदार पेड़ों के गलियारे होने चाहिए कई बार इसकी भी चर्चा हुई ताकि उनकी जरूरत वहीं पूरी हो जाए और उन्हें जंगलों से बाहर न आना पड़े। अपार पीड़ा से लाचार उस हथिनी का जल-सत्याग्रह तभी सफल होगा जब हम अपने हृदय में मानव होने का गर्व सहेज सकेंगे।

# ५० वर्ष से अधिक उम्र वालों का कोरोना टेस्ट कराएगा स्वास्थ्य विभाग

रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। कोरोना के संक्रमण के रोकथाम के लिए प्रयागराज में बाहर से आए ५० वर्ष से अधिक उम्र के लोगों की स्वास्थ्य विभाग कोरोना की जांच कराएगा। जिसमें वही लोग होंगे जो दूसरे प्रदेशों से वापस आए हैं। बतादें की अभी तक बाहर से आए उन्हीं प्रवासियों की जांच कराई जा रही है, जिनमें जुकाम, बुखार, खासी और सांस लेने में शिकायत जैसे लक्षण पाए जा रहे हैं। ऐसे लोगों का स्वाब सैम्पल लेकर जांच के लिए मेडिकल क,लेज भेजा जाता है। रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर उन्हें एल-१ या तबीयत ज्यादा खराब होने पर उन्हें एल-३ हॉस्पिटल में भेजा जाता है। वहीं बीते दिनों में लगातार ऐसे भी मामले सामने आए हैं जिसके संक्रमित होने के सोर्स का पता नहीं चल सका है। ऐसे में सामुदायिक प्रसार का खतरा भी बढ़ गया है। जिसके बाद इस खतरे को रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने दूसरे प्रदेश से आए ५० वर्ष से अधिक आयु के सभी लोगों की कोरोना की जांच कराने का निर्णय लिया है। दिनांक ०६.०६.२०२० को नोडल अ,फिसर डॉ.,ऋषि सहाय कहते हैं कि यह अभियान जल्द ही शुरू कर दिया जाएगा।

# शार्ट सर्किट से लगी एसबीआई एटीएम में आग

रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रतापगढ़ शार्ट सर्किट के चलते लखनऊ-वाराणसी राजमार्ग पर रानीगंज बाजार में संकटमोचन हनुमान मंदिर के सामने एसबीआई एटीएम में सोमवार दिनांक ०८.०६.२०२० को आग लग गई। जिसके बाद खड़े ग्राहकों में भगदड़ मच गई। आग बुझाने के चक्कर में गार्ड समेत दो लोग झुलस गए। वहीं एटीएम में लगा फायर किट वक्त पर जवाब दे दिया। घटना के चलते अफरातफरी मची रही। मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई।

इस दौरान अग्रशमन की टीम ने किसी तरह मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

# अब पांच जुलाई को होगा यूपी बार कौंसिल चुनाव

रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव एक बार फिर टल गया है। कोविड के बढ़ते प्रसार के मद्देनजर यह निर्णय लिया गया है। बता दें कि चुनाव १४ जून को होना था लेकिन हालात को देखते हुए कौंसिल कार्यालय १७ जून तक के लिए बंद कर दिया गया है।

वहीं अब बार कौंसिल के सदस्य सचिव बलवंत सिंह द्वारा इस संबंध में आदेश जारी किए गए हैं कि चुनाव पूर्व बैठक चार जुलाई को और चुनाव पांच जुलाई को होगा।

अध्यक्ष हरिशंकर सिंह ने कहा कि प्रयागराज में संक्रमण तेजी से बढ़ रहा है जिसको देखते हुए चुनाव टालने का निर्णय लिया गया है।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर अधिकारियों/कर्मचारियों ने घरों में किया वृक्षारोपण



रे.स.ब्यू./सूत्र. बिलासपुर। देश में कोविड-१६ के संक्रमण की रोकथाम के मद्देनजर जारी की गई दिशा-निर्देशों, जिसमे किसी भी प्रकार की सोशल कार्यक्रम की मनाही की गई है को ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे प्रशासन द्वारा एक अभिनव पहल के तहत वृक्षारोपण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी ०५ जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर हरियाली की बढ़ोत्तरी में योगदान देने हेतु अपने घरों में वृक्षारोपण करते हुए फोटोग्राफ भेजने के साथ वृक्षारोपण प्रतियोगिता का आयोजन किया।

वृक्षारोपण के साथ आयोजित की गई प्रतियोगिता के तहत भेजे गए फोटोग्राफ के आधार पर नामित अधिकारियों की टीम द्वारा ३ महीने पश्चात वृक्षारोपण के निरीक्षण कर सर्वश्रेष्ठ वृक्षारोपण कार्य को अंजाम देने वाले प्रतिभागियों को कोरोना काल की समाप्ति पश्चात आयोजित होने वाले किसी भी कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जाएगा। इस पहल से न सिर्फ रेल कर्मियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का प्रसार हुआ बल्कि वृक्षारोपण से वातावरण को और अधिक हरा-भरा बनाते हुए प्रकृति की हरियाली को सहेजने में भी मदद मिलेगी।

# आईटीआई की फेस शील्ड अब बचाएगी कोरोना से

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। लखनऊ के बाद प्रयागराज के शिक्षण संस्थानों में फेस शील्ड के डेमोंस्ट्रेशन की तैयारी शुरू हो गई है। बतादें कि छात्र-छात्राओं को कोरोना महामारी से बचाने के लिए आईटीआई बंगलुरू ने टिकाऊ और सस्ती फेस शील्ड तैयार की है। वहीं अब प्रयागराज के शिक्षण संस्थाओं में पढ़ाई कर रहे छात्र-छात्राएं खास तरह का फेस शील्ड पहनेंगे। इसी कड़ी में केंद्र सरकार के उपक्रम आईटीआई के लखनऊ क्षेत्रीय कार्यालय से प्रयागराज के शिक्षण संस्थानों को फेस शील्ड उपयोग के लिए पत्र भेजा गया है। सूत्रों के अनुसार आईटीआई क्षेत्रीय कार्यालय के एजीएम अनुपम पांडेय ने बताया कि फेस शील्ड कई मायने में खास है। फेस शील्ड चेहरे पर बोझिल नहीं होगा। अगर इस फेस शील्ड की मांग बढ़ती है तो आईटीआई नैनी में भी फेस शील्ड का निर्माण शुरू हो सकता है।

# New PCCM for Southern Railway



**RSB/Chennai: R.Dhananjayulu has taken over as the Principal Chief Commercial Manager of Southern Railway on 1 1.06.2020 vice Priamvada Viswanathan, who retired on superannuation. He belongs to the 1988 Exam Batch of Indian Railway Traffic Service. During his more than three decade long Railway service, he has served in various capacities in Operations, Commercial & General Administration Wings of Railways including Divisional Railway Manager, Vijayawada. Before joining Southern Railway, he was Officer on Special Duty, South Coast Railway, Visakhapatnam, Andhra Pradesh. He visited various countries such as Germany, Belgium, Italy, China, Singapore and Malaysia on different assignments.**

# कार्यालयों में ई-ऑफिस के प्रयोग में पूर्व मध्य रेल का दूसरा स्थान

रे.स.ब्यू./सूत्र. हाजीपुर। कोविड-१६ से बचाव हेतु पूर्व मध्य रेल द्वारा कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। इसी कड़ी में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कोरोना संक्रमण से बचाव के मद्देनजर मुख्यालय, हाजीपुर एवं पांचों मंडलों में शत-प्रतिशत कार्यालय कार्य ई-ऑफिस द्वारा पूरा करते हुए पेपरलेस कार्य संस्कृति अपना लिया गया है। इस प्रणाली का एक सकारात्मक पहलू यह भी है कि इससे कागज की काफी बचत हो रही है जो पर्यावरण की रक्षा के दृष्टिकोण से मील का पत्थर साबित होगा। भारतीय रेलके १६ क्षेत्रीय रेलों, मेट्रो रेल कोलकाता एवं समस्त ०८ उत्पादन इकाइयों में ई-ऑफिस प्रणाली लागू करने के मामले में दक्षिण मध्य रेलवे के बाद पूर्व मध्य रेल द्वितीय स्थान पर है। दिनांक १२.०५.२०२० तक पूर्व मध्य रेल में ०१ लाख ०६ हजार रिसिप्ट क्रिएट कर लिए गए हैं।

## घोषित हुआ एसएससी ट्रांसलेटर भर्ती का परिणाम

रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) ने जूनियर ट्रांसलेटर, जूनियर हिन्दी ट्रांसलेटर, सीनियर हिन्दी ट्रांसलेटर भर्ती २०१६ के दूसरे प्रश्न पत्र की परीक्षा का परिणाम मंगलवार दिनांक १६.०६.२०२० को घोषित कर दिया। सफल होने वाले अभ्यर्थियों के अभिलेखों का अब सत्यापन होगा। इस भर्ती की पहली परीक्षा नवंबर २०१६ में हुई थी, जिसका परिणाम २६ जनवरी को घोशित किया जा चुका था। १६७७ अभ्यर्थियों को दूसरे प्रश्न पत्र की परीक्षा के लिए सफल किया था।

दूसरे प्रश्न पत्र की परीक्षा १६ फरवरी २०२० को हुई थी। इसमें १३६० अभ्यर्थियों को सफल किया गया है, जिसमें ५४४ अभ्यर्थी अनारक्षित श्रेणी के हैं जबकि ३२५ ओबीसी, २०७ एससी, १११ एसटी, ११६ ईडब्ल्यूएस, ५४ विभिन्न श्रेणी के दिव्यांग अभ्यर्थी हैं। अब इनके अभिलेखों का सत्यापन किया जाएगा। जिसमें अभ्यर्थियों को शामिल होना होगा जो की अनिवार्य है ।

## अब २० से मिलेगा राशन कार्ड धारकों को मुफ्त राशन

रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। जिले में अब तक कोरोना के १४० से अधिक मामले सामने आए हैं। समय के साथ इस वायरस के कई रूप सामने आ रहे हैं। जिले में अब तक जितने केस मिले हैं, वायरस का लगभग उतनी तरह का ट्रेंड देखने को मिला है। पिछले १५ दिनों के बीच दर्जनभर से अधिक ऐसे लोग संक्रमित मिले जिनकी अभी तक कॉन्टैक्ट हिस्ट्री ही नहीं मिली है। वो न तो कहीं बाहर गए और न ही किसी के संपर्क में आने की जानकारी है। बुखार होने पर जांच कराई तो कोरोना की पुष्टि हुई। इस वक्त कोरोना वायरस जिस ट्रेंड पर चल रहा है वह तो और भी हैरान करने वाला है। एसआरएन अस्पताल में कोरोना संक्रमित कई गर्भवती महिलाओं का ऑपरेयान हुआ। उन्होंने नवजात बच्चे को जन्म दिया। इनमें एक गर्भवती का बच्चा कोरोना संक्रमित मिला था, लेकिन जब दूसरी गर्भवती का ऑपरेशन हुआ तो उसका बच्चा कोरोना मुक्त पाया गया।

## प्रवासी मजदूरों को रेलवे देगा काम

रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। लॉकडाउन के कार्यकाल में देश में विभिन्न राज्यों से आए प्रवासी मजदूरों को अब रेलवे कम देगा । प्रवासी मजदूरों से काम कराने की स्वीकृति रेलवे बोर्ड ने दे दी है। वहीं उत्तर मध्य रेलवे की लंबित पड़ी परियोजनाओं में मजदूरों से काम कराने की कवायद शुरू भी हो गई है। मनरेगा और निजी ठेकेदारों के अधीन उत्तर मध्य रेलवे में प्रवासी मजदूर कार्य करेंगे। राजीव चौधरी उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक ने रेलवे परियोजनाओं और अन्य गहन कार्यों में प्रवासी मजदूरों के उपयोग करने की संभावनाओं का पता लगाने का निर्देश दिया है। उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अजीत कुमार के अनुसार प्रवासी मजदूरों की मदद से रेलवे की परियोजनाओं के पूरा करने में तेजी आएगी और वहीं बेरोजगार हुए मजदूरों को कार्य का अवसर प्रदान करेगा। रेलवे के अधिकारी जिलेवार रेलवे परियोजनाओं में संविदा कार्य के लिए उपलब्ध मानव दिवस की गणना भी करेंगे। इसके लिए रेलवे के फील्ड स्तर के अधिकारियों को लोकल प्रशासन और ग्राम पंचायतों से संपर्क में रहने का निर्देश दिया गया है।

## आठ माह के बच्चे सहित दो नए कोरोना संक्रमित मिले

रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। जिले में कोरोना संक्रमण के दो नए मामले सामने आए हैं। आठ माह के बच्चे समेत दो लोगों की जांच रिपोर्ट रविवार दिनांक १४.०६.२०२० को पांजिटिव आई है। जिसके बाद अस्पताल में भर्ती कराते हुए दोनों का उपचार शुरू कर दिया गया है। वहीं अकबरपुर निवासी एक व्यक्ति ने आठ माह के अपने बच्चे को १२ जून को शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। बच्चे की आंत की सर्जरी होनी थी। डाक्टरों ने आपरेशन के पहले बच्चे का निजी लैब से कोरोना की जांच कराई। जांच में बच्चा कोरोना पांजिटिव मिला। कोविड-१६ के नोडल अधिकारी डा. ऋषि सहाय का कहना है कि बच्चे समेत दोनों मरीजों को अस्पताल में भर्ती कराते हुए उपचार शुरू कर दिया गया है। निजी अस्पताल में इन मरीजों का इलाज करने वाले स्टाफ का भी सैंपल लिया जाएगा।

## बैंक का ताला तोड़कर चोरी का प्रयास

रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। शांतिपुरम फाफामऊ स्थित इंडियन बैंक की शाखा में रविवार दिनांक १४.०६.२०२० की रात चोरी की कोशिश की गई। असफल होने पर चोरों ने बैंक में लगे सीसी कैमरे क्षतिग्रस्त कर दिए और फरार हो गए। सफाईकर्मी ने सोमवार सुबह जब बैंक का ताला टूटा देखा तो बैंक अधिकारियों को सूचित किया। पुलिस ने बैंक के शाखा प्रबंधक के तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर तलशी शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक रविवार रात चोरों ने बैंक का ताला तोड़ा और दरवाजा पर लगा ताला काटकर बैंक में दाखिल हो गए थे । इसके बाद चोरों ने बैंक के सेफ में घुसने की कोशिश की परंतु आरसीसी से बनी दीवार को तोड़ने में असफल रहे। चोरों ने अपनी पहचान छिपाने के लिए बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे भी तोड़ दिए और डीवीआर उठा ले गए। पुलिस ने बैंक शाखा प्रबंधक अभिषेक सहाय की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## हाई वोल्टेज करंट से रेलकर्मी की मौत

रे.स.ब्यू./सूत्र. वाराणसी। पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी के डीआरएम आफिस में रविवार दिनांक १४.०६.२०२० की सुबह बड़ा हादसा हो गया। हादसे में एक रेलकर्मी की हाई वोल्टेज करंट लगने से मौत हो गई। पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल में बिहार के सासाराम निवासी फुलेंद्र सिंह (२८) कार्यरत था। उसकी ड्यूटी लहरतारा स्थित दफ्तर के पैनल रूम में थी। जहां वह रविवार सुबह ड्यूटी के दौरान डीआरएम दफ्तर के पीछे पैनल रूम में स्वीच का लोड चेक कर रहा था। इसी दौरान वह हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आ गया। पूर्वोत्तर रेलवे के जनसम्पर्क अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि मामले की जांच के लिए उच्चस्तरीय टीम का गठन किया गया है।

## वाराणसी में पांच नए हॉटस्पॉट

रे.स.ब्यू./सूत्र. वाराणसी। कोरोना के सात नए मरीज वाराणसी में मंगलवार दिनांक १६.०६.२०२० को फिर सामने आए। जिला प्रशासन के अनुसार हुकुलगंज और प्रेमचंद नगर कालोनी के अलावा कोतवाली का गोलघर, सारनाथ की बुद्धा सिटी कॉलोनी और सारनाथ का ही नंद नगर कॉलोनी नए हॉटस्पॉट होंगे। इसमें एक व्यक्ति की मरने के बाद रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। नए मरीजों के कारण वरुणापार में स्थित हुकुलगंज, पांडेयपुर की प्रेमचंद कालोनी समेत पांच नए हॉटस्पॉट बनाए जा रहे हैं। जिसके बाद जिले में हॉटस्पॉट की संख्या १५० हो गयी है।

## पिछले वर्ष के दौरान अब तक भारतीय रेल का सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा प्रदर्शन

प.सू.का/नई दिल्ली। भारतीय रेल ने अप्रैल २०१६- मार्च २०२० के दौरान अब तक का सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा रिकॉर्ड दर्ज किया है। इस वर्ष भी (०१.०४.२०१६ से ०८.०६.२०२० तक) किसी रेल दुर्घटना में किसी भी रेल यात्री की मृत्यु नहीं हुई है। भारत में १६६ वर्ष पहले १८५३ में रेलवे प्रणाली शुरू होने के बाद से वर्ष २०१६-२०२० में पहली बार यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की गई है। पिछले १५ महीनों में एक भी यात्री की मृत्यु न होना सभी मामलों में सुरक्षा प्रदर्शन में सुधार लाने की दिशा में भारतीय रेल द्वारा निरंतर किए गए प्रयासों का परिणाम है। सुरक्षा की स्थिति में सुधार लाने के लिए किए गए उपायों में मानव युक्त् रेलवे क्रॉसिंग को हटाया जाना, रोड ओवर ब्रिज (आरओबी)/ रोड अंडर ब्रिज(आरयूबी) का निर्माण, पुलों का जीर्णोद्धार, सबसे अधिक पटरियों का नवीकरण, वर्ष के दौरान सेल से अधिकतम रेलों की आपूर्ति, पटरियों का प्रभावी रखरखाव, सुरक्षा पहलुओं की कड़ी निगरानी, रेलवे कर्मचारियों का बेहतर प्रशिक्षण, सिग्नल प्रणाली में सुधार, सुरक्षा कार्यो के लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग, परम्प रागत आईसीएफ कोचों से आधुनिक और सुरक्षित एलएचबी कोचों में रुपांतरण आदि शामिल हैं।

## बीएस-६ चार पहिया वाहनों के नम्बर प्लेट स्टिकर के लिए विशिष्ट कलर बैंड

प.सू.का/नई दिल्ली। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने दिनांक ५ जून २०२० को एक एस. ओ. १६७६ (ई) जारी किया है जिसके तहत बीएस-६ वाहनों के लिए पंजीकरण के विवरण वाले मौजूदा स्टिकर के ऊपर १ सेंटीमीटर चौड़ाई वाली हरित पट्टी को लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। यह हरित पट्टी किसी भी प्रकार के ईंधन अर्थात पेट्रोल या सीएनजी वाले वाहन जिन पर हल्के नीले रंग का स्टिकर लगाया गया है और डीजल वाले वाहन जिन पर नारंगी रंग का स्टिकर होता है, के ऊपर लगाई जाएगी। बीएस-६ वाहनों के शीर्ष पर इन स्टिकरों के ऊपर अब १ सेमी. की हरित पट्टी लगाना अनिवार्य होगा। १ अप्रैल २०२० से अधिदेशित किए गए बीएस-६ उत्सर्जन मानकों में स्टिकर और स्वयच्छ। उत्सशर्जन मानकों का प्रावधान किया गया है और वे उन उत्सर्जन मानकों के समान हैं, जिनका अनुसरण दुनिया भर में किया जा रहा है। ऐसे उत्सर्जन मानकों के लिए वाहनों की ऐसी विशिष्ट पहचान जिनका अनुसरण अन्य देशों में भी किया जा रहा है।

## लॉकडाउन में ईपीएफओ ने किया ३६.०२ लाख दावों का निपटारा

प.सू.का/नई दिल्ली। कोविड लॉकडाउन के कठिन समय में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने अपने सदस्यों का जीवन सुगम बनाए रखने के लिए उन्हें समय पर और प्रभावी तरीके से सेवाएं उपलब्ध कराने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। लॉकडाउन के प्रतिबंधों के बावजूद ईपीएफओ ने अप्रैल और मई २०२० के दौरान ११,५४० करोड़ रुपए के ३६.०२ लाख दावों का निपटारा किया इसमें से ४५८० करोड़ रुपए के १५.५४ लाख दावे प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना (पीएमजीकेवाई) के तहत कोविड-१६ संकट के दौरान किए गए विशेष प्रावधान के तहत निपटाए गए। कामकाज की स्वचालित प्रणाली और समर्पित कर्मचारियों के साथ ईपीएफओ प्रत्येक कार्यदिवस में करीब २७० करोड़ रुपए के ८०,००० से अधिक दावों का निपटारा करते हुए संकट के इस समय में अपने सदस्यों के लिए बड़ी सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित कर रहा है।

# गुणवत्ता भारत के भविष्य को परिभाषित करेगी -पीयूष गोयल

प.सू.का/नई दिल्ली। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि गुणवत्ता भारत के भविष्य को परिभाषित करेगी। भारतीय गुणवत्ता परि ाद (क्यूसीआई) के कामकाज की दिनांक १२.०६. २०२० को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से समीक्षा करते हुए गोयल ने कहा कि आत्म निर्भर भारत गुणवत्तापूर्ण स्वदेशी उत्पादों और सेवाओं के आधार पर विकसित और समद्ध होगा। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता जानकारी को आम आदमी के स्तर तक पहुंचाना होगा, और हमें जीवन के सभी पहलुओं में गुणवत्ता संस्कृति को आत्मतसात करना होगा और उसे उत्पन्न करना होगा। क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआई आईटी) के अंतर्गत एक गैर- लाभकारी स्वायत्तशासी सोसाइटी है, जिसे देश में आधिकारिक मान्यता देने वाला ढांचा स्थापित करने और राष्ट्रीय गुणवत्ताभ अभियान आरंभ करके भारत में गुणवत्ता आंदोलन का प्रसार करने का अधिकार प्राप्त है। क्यूसीआई



कामिशन मुख्य रूप से राष्ट्र और उसके नागरिकों के हितों को बढ़ावा देने और उनकी रक्षा के लिए सभी क्षेत्रों में गुणवत्ता मानकों के पालन के लिए सभी हित धारकों को शामिल करके भारत में राष्ट्रव्यापी गुणवत्ता आंदोलन का नेतृत्व करना है। गोयल ने कहा कि भविष्य का सूत्रपात एक नए तरीके से, नए मानदंडों के साथ होगा। मानव जीवन का कोई भी पहलू चाहे वह सामाजिक हो, पारिवारिक, आर्थिक हो इस नए मानदंड से अछूते नहीं रहने वाले हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, खरीदारी, सेवाओं सहित सभी क्षेत्रें में नए प्रतिमानों में नए गुणवत्ता मानकों की आवश्कता होगी।

# नियमों के साथ खुले हेयर कटिंग सैलून

रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। लॉकडाउन के बाद नए नियमों के साथ हेयर कटिंग सैलून खुल तो गए लेकिन कई दुकानों में व्यवस्था अभी पुरानी है। कोरोना से बचाव इंतजाम के नाम पर यह बात अलग है कि ही सैलून संचालकों ने रेट बढ़ा दिए हैं। प्रशासन की ओर जारी गाइड लाइन के अनुसार हेयर कटिंग सैलून के लिए इनमें काम करने वालों के पास फेस शील्ड और मास्क होना अनिवार्य है लेकिन अधिकतर दुकानों में मास्क के भरोसे काम चल रहा हैं। बड़े सैलूनों को छोड़ दें तो गली मोहल्लों के सैलूनों में कारीगर बिना फेस शील्ड और मास्क के काम कर रहे हैं। इसके साथ ही हेयर कटिंग में १० रुपये और सेविंग में ५ रुपये तक कोरोना के सुविधाओं के नाम पर कीमत बढ़ाई गई है। नाई कार्मिक महासंघ के पूर्व अध्यक्ष असगर अली ने कहा है कि प्रशासन की ओर से जो भी गाइडलाइन जारी हुई थी उसका पालन हो रहा है।

# संगम पर ले सकेंगे अब नौका विहार का आनंद

रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। अनलॉक-१ में अब नाविकों को एक और छूट मिल गई है। लॉकडाउन में बंदी से परेशान नाविकों और शहर के लोगों के लिए अच्छी खबर यह है कि अब संगम पर नौका विहार कर सकेंगे। अब श्रद्धालु संगम तक जाकर गंगा का स्नान भी कर सकेंगे। परंतु सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना होगा। बतादें कि जनता कर्फ्यू के बाद २२ मार्च से ही संगम पर नौका विहार पर रोक लगी थी। ऐसे में नाविकों के जीवन यापन करने में संकट का सामना करना पड़ रहा था, लेकिन अनलॉक-१ में एक बार फिर संगम तट पर लोगों का आना-जाना शुरू हो गया। इसे ध्यान में रखते हुए नाविक संघ के सदस्यों ने सोमवार दिनाक १५.०६.२०२० को जिलाधिकारी भानु चंद्र गोस्वामी से मुलाकात कर अपनी बात रखी भी रखी थी। जिस पर डीएम ने अधिकतम पांच लोगों को बैठाकर नाव चलाने की अनुमति दी है। लेकिन इस अवधि में कोई भी सोशल डिस्टेंसिंग के नियम नहीं तोड़ेगा। हर सवारी और नाविक का मास्क पहनना अनिवार्य होगा और नाव पर सेनिटाइजर की व्यवस्था भी होगी। डीएम भानुचंद्र गोस्वामी ने बताया कि शर्तों के साथ अनुमति दी गई है।

# ऑनलाइन पढ़ाई और वर्क फ्रॉम होम से लैपटॉप की बिक्री में इजाफा

लॉकडाउन के बाद अनलॉक १.० में सबसे ज्यादा बिक्री लैपटॉप की हो रही है। जिसकी मुख्य वजह वर्क फ्रॉम होम और ऑनलाइन पढ़ाई है वहीं अकेले इंदिरा भवन मे ही रोजाना करीब ३० से ४० लैपटॉप बेचे जा रहे हैं। महामारी के दौर में स्कूल क लेज, कोचिंग बंद पड़ी हैं। कारोबारियों ने बताया कि ३० हजार रुपये तक का लैपटॉप की मांग बड़ी है।

# कोविड-१६-: रेलवे ने दिल्ली को दिए ३०० आइसोलेशन कोच

प.सू.का/नई दिल्ली। उत्तर रेलवे द्वारा कोरोना वायरस महामारी के खिलाफ लड़ाई के लिए मंगलवार दिनांक १६.०५. २०२० को दिल्ली को करीब ३०० आइसोलेशन कोच दिये हैं। इन कोचों को आनंद विहार टर्मिनल पर तैनात किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ने कहा कि इन कोचों में हल्के लक्षणों वाले मरीजों को रखा जाएगा और इसका प्रबंधन राज्य सरकार द्वारा किया जाएगा। वहीं मंगलवार को दिल्ली सरकार ने होटल ताज मान सिंह को कोरोना मरीजों को आइसोलेट करने के लिए तत्काल प्रभाव से अपने सभी कमरे सर गंगाराम अस्पताल को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। आदेश में सरकार ने कहा था कि कोविड -१६ मरीजों की अधिक संख्या को देखते हुए सेंट्रल दिल्ली के होटल अपने सभी कमरों को आइसोलेशन के लिए तैयार कर सर गंगाराम अस्पताल को उपलब्ध करेंगे। दिल्ली सरकार ने कोविड -१६ रोगियों की संख्या के मद्देनजर अन्य होटलों को भी अस्पतालों से जोड़ने का आदे ा दिया है। वहीं पिछले सप्ताह, सरकार ने अदेश जताया था कि जुलाई अंत तक राजधानी को करीब ५.५ लाख कोविड-१६ रोगियों के लिए अस्पतालों में ८० हजार बेड्स की आव यकता हो सकती है। इसी कड़ी में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक हाईलेवल मीटिंग के दौरान दिल्ली में तेजी से बढ़ती मरीजों की संख्या को देखते हुए कोविड-१६ महामारी से लड़ने के लिए दिल्ली सरकार को बेड्स की क्षमता बढ़ाने के लिए ५०० ट्रेन कोच देने का फैसला किया था।

## लेखकों से

राष्ट्रीय, सामयिक, फिल्म व्यंग्य आदि विषयों पर अप्रकाशित लेख प्रकाशन हेतु आमंत्रित है। अपने हस्तलिखित लेख कागज की एक ओर साफ अक्षरों से भेजें।

प्रधान सम्पादक - ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव

# आईआरएस आफिसर ने की कोरोना के डर से आत्महत्या

रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। कोरोना के खौफ से एक आईआरएस अधिकारी दिल्ली के द्वारका सैक्टर-६ में आत्महत्या कर ली है। मृतक अधिकारी का नाम शिवराज है। में संदिग्ध हालत में उनका शव उनकी गाड़ी मिला है और उनके पास से पुलिस ने एक सुसाइड नोट बरामद किया है। जिसमें उन्होंने कोरोना होने का खुद जिक्र किया था। सूत्रों के अनुसार पुलिस ने कहा है कि आईआरएस अधिकारी शिवराज अपने परिवार के साथ द्वारका सैक्टर-६ में रहते हैं और उनकी तैनाती आरके पुरम में थी। कई दिनों से उनकी तबीयत खराब चल रही थी। रविवार को वह अपनी गाड़ी लेकर बाहर निकले थे। लेकिन देर शाम तक घर नहीं लौटे। तो कुछ दूरी पर उनकी गाड़ी मिली। गाड़ी की पीछे वाली सीट पर अधिकारी बेसुध पड़े हुए थे। आनन फानन में उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने उनको मृत घोषित कर दिया।

# फ्लाइट से अमिताभ बच्चन ने १६१ प्रवासी मजदूरों को भेजा प्रयागराज



रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। कोरोना संकट के बीच मुंबई में १६१ प्रवासियों को लेकर विशेष विमान गुरुवार दिनांक ११.०६.२०२० की शाम प्रयागराज एयरपोर्ट पर उतरा। दो संस्थाओं और मेगा स्टार अमिताभ बच्चन की मदद से लगातार दूसरे दिन प्रवासियों को विमान से प्रयागराज भेजा गया। बतादें कि अलग-अलग क्षेत्रों में काम करने वाले प्रयागराज व आसपास के जिलों के लोग लॉकडाउन के दौरान मुंबई में ही फंसे थे। जिसकी जानकारी होने पर अमिताभ बच्चन ने माहिम और हाजी अली दरगाह समिति की मदद से लोगों को उनके घर भेजने की व्यवस्था की। पहले सभी प्रवासी को ट्रेन से पांच जून को मुंबई से प्रयागराज भेजा जाना था लेकिन स्पेशल ट्रेन की व्यवस्था न होने पर बिग बी और संस्थाओं ने लोगों को निजी एयरलाइंस के विमान से भेजने की व्यवस्था की। वापस आने पर सभी प्रवासियों की एयरपोर्ट में जांच की गई। कुछ प्रवासी घर पहुँच कर जिनमें प्रतापगढ़ के तबरेज ने बताया कि मुश्किल की घड़ी में अमिताभ बच्चन मसीहा बनकर आए।

## अपील

रेल समाचार ब्यूरो सभी देश वासियों से अपील करता है कि, अनलॉक-१ का पूरी तरह पालन करें, उचित दूरी बनाए रखें और अति आवश्यक कार्य हेतु ही बाहर निकलें।

- प्रधान संपादक

# केंद्र सरकार ने राज्यों को दिए मेक इन इंडिया के तहत बने ३००० वेंटिलेटर



रे.स.ब्यू./सूत्र.नई दिल्ली। मेक इन इंडिया कार्यक्रम के तहत केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने देश में बने वेंटिलेटर विभिन्न राज्यों के अस्पतालों को मुहैया कराने लगी है। वहीं पहले चरण में करीब ३००० वेंटिलेटर राज्यों को दिए जा चुके हैं। १ मई को स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार जून तक भारत में ७५ हजार वेंटिलेटर की मांग होगी। सूत्रों के अनुसार एक अधिकारी ने कहा, है कि अभी तक राज्यों को ३००० वेंटिलेटर दिए जा चुके हैं, जो कि विभिन्न अस्पतालों में लगाए जाएंगे। कुछ भेजे जा रहे हैं, और आने वाले समय में वेंटिलर के निर्माण में और तेजी आएगी। मेक इन इंडिया पहल को आगे बढ़ाते हुए वेंटिलेटर के निर्माताओं की पहचान की गई है। केंद्र सरकार ने १३ मई को कहा था, देश भर में COVID-19 मामलों से निपटने के लिए बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए, ५०,००० मेड इन इंडिया वेंटिलेटर लगभग २००० करोड़ की लागत से पीएम केयर्स फंड से खरीदे जाएंगे। जो सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में सरकार द्वारा संचालित COVID अस्पतालों में दिए जाएंगे। दूसरी ओर ड्रेगर जैसी अंतरराष्ट्रीय कंपनियों को भी ऑर्डर दिए गए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, जून २०२० तक व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई) किटों की कुल अनुमानित मांग करीब दो करोड़ है।

# यूपी सरकार गरीब, असहाय के साथ महिलाओं को रोजगार देने के लिए कृत संकल्पित

-सिद्धार्थ नाथ सिंह



सूचना विभाग प्रयागराज। यूपी सरकार गरीब और असहाय एवं प्रवासी मजदूरों के साथ साथ महिलाओं को रोजगार देने के लिए कृत संकल्पित है यह उदगार विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना में जीनियस पब्लिक स्कूल झलवा में दिनांक १३.०६.२०२० को आयोजित निशुल्क टूल किट वितरण कार्यक्रम के दौरान यूपी सरकार के प्रवक्ता एवं खादी ग्रामोद्योग मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने व्यक्त किया। महिलाएं शक्ति के रूप में परिवार के साथ साथ समाज और देश के विकास में अतुलनीय योगदान रहा है। देश की दिशा और दशा को नई राह दिखाने वाली महिलाएं ही आगे बढ़ रही हैं। जिसमें मास्क पहनकर सोशल डिस्टेंसिग का पालन करते हुए आगे बढ़ना है। प्रवासी मजदूरों को मनरेगा के तहत कार्य गांव में ही काम मिलना शुरू हो गया है ।

Heartline
Heartline Cardiac Care Centre
14/18, Elgin Road, Near Civil Lines Bus Station
Behind BIG BAZAAR, BSNL Office
Allahabad
For Appointments : 8726209111
● ANGIOGRAPHY ● ANGIOPLASTY ● ECHO
& COLOUR DOPPLER ● TMT ● HOLTER
● PERMANENT PACEMAKER
22 वर्षो से हृदय रोगियों की सेवा में समर्पित
इलाहाबाद का सर्वप्रथम एवं सर्वश्रेष्ठ हृदय रोग चिकित्सा केन्द्र
हार्टलाइन हृदय रोग अस्पताल
14/18, एल्गिन रोड, सिविल लाइन्स, इलाहाबाद बस अड्डे के पास, बिग बाज़ार के पीछे - मो. 8726209111

| हृदय रोग के कारण | हृदय रोग के लक्षण | सुविधा उपलब्ध |
|---|---|---|
| धूम्रपान | सीने बाँह व कंधे मे दर्द | ई.सी.जी |
| रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) | बदन या पैरों में सूजन | ईको एवं कलर डॉपलर |
| मधुमेह (डॉयबिटिस) | खाँसी आना, हाँफना | एक्स-रे |
| मोटापा | साँस फूलना | होल्टर |
| मानसिक तनाव | कमजोरी, थकावट | टी.एम.टी. |
| गतीहीन जीवनशैली | पसीना, बेहोशी आना | स्ट्रेस ईको |
| हृदय रोग की परिवारिक समस्या | धड़कन बढ़ना | एन्जीयोग्राफी |
| खून में चर्बी की अधिक मात्रा | चक्कर आना | एन्जीयोप्लास्टी |
| अनियमित खान-पान | घबराहट होना | पेस्मेकर लगाना |

परामर्श का समय : सुबह 9 बजे से 3 बजे तक
अत्याधुनिक उपकरणों से परिपूर्ण गंभीर हृदय रोग कक्ष
24 घण्टे सेवा उपलब्ध

# डिजिटल प्लेटफॉर्मों के माध्यम से मनेगा 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस'

प.सू.का/नई दिल्ली। कोविड-१६ की वजह से देश में मौजूदा स्वास्थ्य आपात स्थिति के मद्देनजर इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पूरी दुनिया में डिजिटल प्लेटफॉर्मों के माध्यम से मनाया जाएगा। यह बात भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) के अध्यक्ष डॉ. विनय सहस्रबुद्धे ने आयुष मंत्रालय के साथ दिनांक १५.०६.२० को आयोजित संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कही। डॉ. सहस्रबुद्धे ने कहा कि इस वर्ष होने वाले आयोजन के दौरान लोगों के लिए योग की उपयोगिता, वैश्विक महामारी से निपटने के लिए रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने और इस संकट के कुछ महत्वपूर्ण पहलुओं के प्रबंधन के तहत समुदाय को मजबूत करने पर प्रकाश डाला जाएगा। आयुष सचिव वैद्य राजेश कोटेचा भी संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में उपस्थित थे। कोविड-१६ महामारी उत्पवन्नय करने वाले वायरस के अत्यधिक संक्रामक स्वपरूप को देखते हुए कोई भी जन सभा या सम्मेवलन आयोजित नहीं किया जाएगा। यही कारण है कि इस वर्ष मंत्रालय लोगों को अपने पूरे परिवार की भागीदारी के साथ अपने-अपने घरों में ही योगाभ्यास करने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। डॉ. सहस्रबुद्धे ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी लोगों से 'मेरा जीवन - मेरा योग' वीडियो ब्लॉगिंग प्रतियोगिता में भाग लेने का आह्वान किया है। आयुष मंत्रालय को भरोसा है कि यह रुचि लोगों के अच्छें स्वास्थ्य के रूप में नजर आएगी, क्योंकि कोविड-१६ महामारी की स्थिति के कई पहलुओं के प्रबंधन में योग के सकारात्मक प्रभाव से लोग अब तक अच्छी तरह से अवगत हो चुके हैं।

## पाठकों से अनुरोध

विगत वर्षो की भाँति आगामी वर्ष के लिए अपनी रेल समाचार ब्यूरो पत्रिका को सुरक्षित करने के लिए वार्षिक सद्स्यता शुल्क शीघ्र भेजने की कृपा करें, जिससे उक्त पत्रिका आपको नियमित भेजी जा सके।

सहयोग राशिः

१.उच्चतम अधिकारी- १५०० रु. मात्र
२.उच्च अधिकारी- १००० रु. मात्र
३.अधीनस्थ अधिकारी-७०० रु. मात्र
४.रेलकर्मी/अन्य सदस्य-५००रु.मात्र

प्रबंध संपादक
रेल समाचार ब्यूरो

**समस्त प्रकार के कानूनी मामलों का न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा**

सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी
ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
दि. इलाहाबाद ब्लाक वर्क्स प्रा. लि. ३२६/२५५, चक, जीरो रोड, इलाहाबाद से मुद्रित एवं ५०२ पंचशीला भवन त्रिवेनी रोड, नेतानगर,कीडगंज इलाहाबाद-२११००३ से प्रकाशित। आर.एन. आई नं.५१०६७-६० पोस्ट ए.डी-८ मो.६७६३६५६०४४ ६६५१६०४७६८, ६६३५२२४८६७ फोन नं.-०५३२-२४१८०४०

# जिलाधिकारी प्रयागराज ने की अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक



सूचना विभाग प्रयागराज। नगर निगम के अधिशासी अधिकारियों के साथ जिलाधिकारी प्रयागराज भानु चंद्र गोस्वामी ने एक बैठक की । बैठक में उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना एवं राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत दिए जा रहे लोन एवं अन्य कार्यो की समीक्षा की और उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों से स्ट्रीट वेंडर एवं स्वरोजगार जैसे सिलाई बुनाई कढ़ाई ई रिक्शा चालक ऑटो चालक इत्यादि को दिए जा रहे लोन के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी भी व्यक्ति को लोन प्राप्त करने में बैंक से या किसी तरफ से किसी प्रकार की समस्या नहीं आनी चाहिए । बैठक में नगर आयुक्त रवि रंजन एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# वी एन दत्त ने संभाला एन एफ एल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का पदभार



प.सू.का/नई दिल्ली। वीरेंद्र नाथ दत्त, निदेशक (विपणन), नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड - एन एफ एल ने कंपनी के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त प्रभार संभाल लिया है। दत्त अक्टूबर, २०१८ से कंपनी में निदेशक (विपणन) के रूप में जुड़े हुए है। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय से एमबीए, दत्त को फर्टिलाइजर उद्योग के अलावा गेल इंडिया और ओएनजीसी जैसी बड़ी सरकारी कम्पनियों में कार्य का ३५ साल से अधिक का अनुभव है। एनएफएल में कार्यभार ग्रहण करने से पहले, वह गेल (इंडिया) लिमिटेड में कार्यकारी निदेशक थे जहां वे कॉरपोरेट रणनीति, योजना और एडवोकेसी के अलावा कंपनी के देश भर में विपणन कारोबार के प्रभारी थे ।